दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22／01／2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। 　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सिवान जिले में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

02. बीपीएससी की प्रतियोगिता परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थी लॉटरी के माध्यम से स्वयं कर सकेंगे साक्षात्कार बोर्ड का चयन।

03. केंद्रीय जल आयोग ने राज्य के जलाशयों को संकट से बचाने के लिए छह जलाशयों में गंगाजल आपूर्ति योजना को मंजूरी दी।

04. और, पूर्वी चंपारण जिले को चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज सिवान जिले को दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

———बाइट———

मुख्यमंत्री आज सीवान जिले के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास, शुभारंभ करेंगे। इस दौरान श्री कुमार मैरवा स्थित निर्माणाधीन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सिवान का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे मेडिकल कॉलेज परिसर में जीविका सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री सीएचसी मैरवा, एएनएम कॉलेज मैरवा, निर्माणाधीन सिवान–मैरवा पथ और राजेंद्र स्टेडियम के पास जल जीवन हरियाली पार्क पंच मंदिर का भी निरीक्षण करेंगे। राजेंद्र स्टेडियम में ही श्री कुमार एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे को लेकर जिलेवासियों में उत्साह का माहौल है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीवान से आकाश कुमार।

---

बिहार लोक सेवा आयोग– बीपीएससी ने प्रतियोगिता परीक्षाओं की साक्षात्कार प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। संशोधन के अनुसार अब साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थी स्वयं लॉटरी निकाल कर अपने साक्षात्कार बोर्ड का चयन कर सकेंगे। इससे पहले, साक्षत्कार बोर्ड का आवंटन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता था। यह बदलाव सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के साक्षत्कार से लागू हो गया है। आयोग ने कहा है कि साक्षात्कार को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाने के लिए यह पहल शुरू की गयी है।

---

केंद्रीय जल आयोग ने राज्य के जलाशयों को संकट से बचाने के लिए गंगाजल आपूर्ति की योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। आयोग ने योजना के पीपीआर के तहत पहले चरण में प्रदेश के छह जलाशयों को गंगाजल आपूर्ति की स्वीकृति दी है। इस चरण में लखीसराय के बासकुंड और मोरवे, जमुई के अमृत श्रीखंडी, जमुई के गरही और आंजन तथा मुंगेर के जालकुंड में कार्य किया जाएगा। इस योजना के तहत मानसून अवधि में गंगाजल को पाईप के जरिए दक्षिण बिहार के जलाशयों तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए शुरूआत में एक सौ बत्तीस किलोमीटर लंबी पाइपलाइन स्थापित होगी। इस योजना से नवादा, लखीसराय, जमुई और मुंगेर जिले को सूखे की समस्या का समाधान होगा। वहीं, जलाशयों में वर्षभर पानी रहने के साथ ही बड़े क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

---

प्रदेश में अब व्यावसायिक भवनों के लिए उपलब्ध जमीन के सत्तर फीसदी हिस्से पर भवन का निर्माण किया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास और आवास विभाग मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया। इससे पहले व्यावसायिक भवनों के चालीस फीसदी हिस्से में ही भवन निर्माण का प्रावधान था।

---

पंचायती राज विभाग में चौहत्तर पंचायत भवनों की निर्माण गुणवत्ता असंतोषजनक पाई गयी है। विभागीय मंत्री दीपक प्रकाश ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में संबंधित एजेंसियों को एक सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट विभाग को सौंपने का निर्देश दिया है।

---

प्रदेश में एक अप्रैल से किसानों से गेहूं की सरकारी खरीद होगी। यह खरीद पैक्स और व्यापार मंडलों के अलावा भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से की जाएगी। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार पांच सौ पचासी रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह बीते वर्ष से एक सौ साठ रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इधर, गेहूं बिक्री के लिए किसानों का ऑनलाइन निबंधन शुरू हो गया है। ई–सहकारी

पोर्टल के किसान कॉर्नर विकल्प पर जाकर निबंधन किया जा सकता है। पहले से निबंधित किसानों को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

---

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी पचासवीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे वर्ष दो हजार पंद्रह में शुरू किया था। यह मंच सहकार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह केंद्र सरकार, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक साथ एक ही डिजिटल मंच पर लाता है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम हैदराबाद मेट्रो रेल परियोजना पर एक नज़र डालते हैं। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

---

जदयू में पूर्व केंद्रीय मंत्री आर.सी.पी. सिंह की वापसी की खबरों को लेकर पार्टी में विरोध की स्थिति देखी जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने उनके पार्टी विरोधी बयानों की याद दिलाते हुए कहा कि उन्हें पार्टी में वापसी की आवश्यकता क्यों आ पड़ी है।

–––बाइट–––

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भी आर.सी.पी. सिंह की वापसी की संभावना पर नाराजगी व्यक्त की थी।

---

पूर्वी चंपारण जिले को चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पच्चीस जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले को लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया था। इधर, समारोह में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, पुलिस मुख्यालय के तत्कालीन एडीजी और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी कुंदन कृष्णन को भी विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही पटना, पूर्णिया, समस्तीपुर और मधुबनी के जिलाधिकारी को भी विधानसभा चुनाव के दौरान अलग–अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जायेगा।

---

नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी को डिजिटल भुगतान के जरिए उपभोक्ता संतुष्टि में उल्लेखनीय सुधार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित EDICON कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह को यह सम्मान प्रदान किया गया। श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर और डेटा विश्लेषण के माध्यम से राजस्व संग्रहण बेहतर होने के साथ ही उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं मिल रही हैं।

---

बोधगया में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव की शुरूआत हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कालचक्र मैदान में आयोजित यह महोत्सव चौबीस जनवरी तक चलेगा।

———रिपोर्ट———

इस वर्ष महोत्सव में सात देशों के कलाकार अपनी पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इनमें भारत , जापान, लाओस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, वियतनाम और थाईलैंड के कलाकार शामिल होंगे। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान बुद्ध की शिक्षाओं—शांति, अहिंसा और करुणा के संदेश को प्रसारित करने के साथ ही विभिन्न देशों की बौद्ध संस्कृति, परंपरा और लोककलाओं को एक मंच पर प्रस्तुत करना है। महोत्सव में आज प्रसिद्ध गायक जावेद अली, कल रूप कुमार राठौर जबकि अंतिम दिन भूमि त्रिवेदी अपनी प्रस्तुति देंगी। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

---

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के पेठिया बाजार में मां संतोषी मंदिर के पास कल देर शाम भीषण आग लग गई। अगलगी की घटना में लगभग एक दर्जन दुकानें और लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय विधायक सह कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित दुकानदारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

———बाइट———

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में गंडक नदी पर प्रस्तावित पुल योजना के अधर में लटकने पर विभिन्न दलों के नेताओं के साथ आम नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन एनएच–सात सौ सत्ताईस गोरखपुर बेतिया मुख्य सड़क पर किया गया। यह पुल बिहार के शास्त्रीनगर और उतर प्रदेश के बेलवनिया के बीच प्रस्तावित है।

———————————————————

इधर, जिले में शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी के दौरान नौरंगिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो तस्करों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

**और अब खबरें खेल की...**

रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप के तहत फाइनल मुकाबला आज बिहार और मणिपुर के बीच खेला जाएगा। यह मैच पटना के मोइनुल हक़ स्टेडियम में होगा।

भुवनेश्वर में आयोजित सब–जूनियर राष्ट्रीय रग्बी बालक प्रतियोगिता में बिहार की टीम चैंपियन बनी है। बिहार ने ओडिशा को फाइनल में पच्चीस–पांच से हराकर खिताब अपने नाम किया।

लखीसराय में अट्ठाईस से तीस जनवरी तक बिहार राज्य सीनियर पुरूष कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता बिहार राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में आयोजित होगा।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.........

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – पांच वर्षों में राज्य से समाप्त कर दी जाएगी– गरीबी।

हिन्दुस्तान की प्रमुख खबर है – पीएम किसान सम्मान के लिए उनतीस लाख किसानों का ही निबंधन। विशेष अभियान में सिर्फ एक तिहाई किसानों के आईडी बनें।

दैनिक भास्कर लिखता है – सोना एक लाख पचपन हजार के पार, चांदी उछलकर तीन लाख बीस हजार पर पहुंची।

प्रभात खबर ने लिखा है – मुस्कुराता मेट्रो पथ, सगुना मोड़ से गोलारोड तक एलिवेटेड रूट तैयार।

आज अखबार ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान को तरजीह देते हुए लिखा है – बिहार में बंद सभी चीनी मिलें होंगी चालू।

राष्ट्रीय सागर लिखता है – कर्तव्य पथ पर इस बार नहीं दिखेगी, बिहार की झांकी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सिवान जिले में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

02. बीपीएससी की प्रतियोगिता परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थी लॉटरी के माध्यम से स्वयं कर सकेंगे साक्षात्कार बोर्ड का चयन।

03. केंद्रीय जल आयोग ने राज्य के जलाशयों को संकट से बचाने के लिए छह जलाशयों में गंगाजल आपूर्ति योजना को मंजूरी दी।

04. और, पूर्वी चंपारण जिले को चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।